## एक नजर में

### पं. नेहरू को याद कर श्रद्धांजलि दी

**जीरापुर 27 मई, सं.** ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि बुधवार को श्रद्धापूर्वक मनाई गई. इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष सत्यनारायण सरावत, जनपद सदस्य शिवनारायण गुर्जर मुंड़ी, तरूण चौबे ,अजय मूंदड़ा, कुशल कुशवाहा, वहीद शाह, गिरिराज सिंह खिंची, शैलेंद्र सोनगरा, गोपाल ड्राइवर, श्याम किरार , भगवान सिंह मालवीय, पवन सेन, निरंजन टेलर, गिरीश भावसार, बद्री मालवीय, हेमराज गुर्जर, अशरद ताई, चैन सिंह गुर्जर, अप्सरा कुरैशी, आनंद गुप्ता भण्ड़ावद, राधेश्याम मालवीय आदि ने बारी बारी से पुष्प अर्पित किए. जहां पर कहा कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री, आधुनिक भारत के जनक, आईआईटी, आईआईएम जैसे सर्वश्रेष्ठ शैक्षिक संस्थान स्थापित कर देश को विश्व पटल पर पहचान दिलाई है.

### पुण्यतिथि पर पंडित नेहरू को याद किया

**सारंगपुर 27 मई, सं.** ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा भूतपूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर नेहरू पार्क स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी. इस दौरान पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद अली,वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओ पी विजयवर्गी,शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आबिद हुसैन लोधी,पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सिंह पाल,लखन धनगर, लखन राजपूत,सुनील पाल, आंनद जाधव, मुस्ताक अंसारी,सहित बड़ी संख्या कांग्रेस कार्यकर्तता उपस्थित थे.

### पं. नेहरू को श्रद्धासुमन अर्पित किए

**सुठालिया 27 मई, सं.** बुधवार को नगर के ब्यावरा रोड स्थित महाराजा गार्डन में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजली दी. वक्ताओं ने पंडित नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला. इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष धीरपसिंह सौंधिया, वरिष्ठ इंका नेता पं. उमेश मिश्रा पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मोहन लोधी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन सिलावट नप उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह परमार किसान कांग्रेस अध्यक्ष गिरवर बना मंडलम अध्यक्ष पर्वत सोंधिया खनोटा मंडलम अध्यक्ष राधेश्याम लोधी सुठालिया अखिलेश पालीवाल भंवर बना टोडी सरदार सिंह महेश गुर्जर रघुवीर सोंधिया धीरपसिंह सलेपुर डॉ बेनीप्रसाद सैन कैलाश मेहर अर्जुन सोंधिया धर्मेंद्र सोंधिया कपिल कारपेंटर ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### पूर्णाहुति के साथ कथा का समापन

**कुरावर 27 मई, सं.** समीपस्था सेमल खेड़ी माता मंदिर पर सात दिवसीय भागवत कथा का मंगलवार को समापन किया गया. भागवत वक्ता पं. जय नागर श्यामपुर वाले ने भागवत पुराण महत्व सुनाया गया. श्रीमद्भागवत कथा के सातवें (और अंतिम) दिन मुख्य रूप से सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष की कथा का वर्णन किया गया. द्वारपाल उन्हें रोकते हैं, लेकिन कृष्ण को जैसे ही अपने सखा का नाम पता चलता है, वे नंगे पैर दौड़कर सुदामा को गले लगाते है सुदामा की दरिद्रता का नाश- कृष्ण सुदामा के पैर अपने आंसुओं से धोते हैं और उन्हें अपने सिंहासन पर बैठाते हैं. कथा के उपरान्त पूर्ण आहुति कर महा आरती कर प्रसाद वितरण किया गया.

# 36 दुकानों ने गरीबों को आधा ही राशन दिया

## जिले की 36 सरकारी राशन दुकानों को नोटिस, 60 प्रतिशत से कम राशन बांटा, कारण बताओ नोटिस जारी

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 27 मई, का. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा मंगलवार को 90 प्रतिशत से कम वितरण वाले दुकानों की समीक्षा की गई. समीक्षा के दौरान राज्यल शासन द्वारा आवंटित लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत माह मई-जून 2026 का राशन वितरण 60 प्रतिशत से कम करने वाली शासकीय उचित मूल्यं दुकानों पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए.**

जिला आपूर्ति अधिकारी अजीत कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि पात्र हितग्राही राशन से वंचित न रहें, इस हेतु उक्ता संबंधित 36 दुकानों के विक्रेताओं को कम वितरण के संबंध में कारण बताओ सूचनापत्र जारी किए गए. साथ ही सभी विक्रेताओं को खाद्यान्न वितरण कार्य में प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया गया.

### गरीबों के अनाज में सेंधमारी, समीक्षा में उजागर हुए आंकड़े



### जिले की इन दुकानों को नोटिस जारी किए

जिन शासकीय उचित मूल्य दुकानों को नोटिस जारी किए गए उनमें इनमें जीरापुर विकासखंड की दुकान क्रमांक 3201008 संचालक देवीलाल दांगी, 3201023 महेन्द्र सिंह परिहार, 3201039 ईश्वरसिंह चौहान, 3201082 राधाबाई, 3201083 अयोध्या सोलंकी, 3201099 गिरिजा पंवार एवं 3201109 किरण शामिल हैं. राजगढ़ विकासखंड अंतर्गत दुकान क्रमांक 3203006 पृथ्वी सिंह, 3203032 देवेन्द्र नागर, 3203048 गोविंदसिंह, 3203065 गोवर्धन तंवर एवं 3203091 नंदकिशोर नायक शामिल हैं. ब्यावरा विकासखंड अंतर्गत दुकान क्रमांक 3204005 दिनेश दांगी, 3204009 रामबाबू सौंधिया, 3204034 माखन सिंह लोधी, 3204056 देवराज सिंह, 3204082 रेखा बाई, 3204083 बबली मीना, 3204102 राजनंदनी उमठ एवं 3204109 श्रीमती पवित्रा गौड़ का राशन वितरण भी निर्धारित लक्ष्य से काफी कम पाया गया. सारंगपुर विकासखंड अंतर्गत दुकान क्रमांक 3205005 लखन सिंह, 3205035 भगवान सिंह, 3205049 सुरेश, 3205096 हेमराज रुहेला, 3205105 पार्वती राजपूत एवं 3205109 मायादेवी का वितरण अत्यंत कम दर्ज किया गया.

### नरसिंहगढ़, खिलचीपुर में 60 प्रतिशत से भी कम राशन वितरण किया

जिले के नरसिंहगढ़ और खिलचीपुर विकासखण्ड में स्थिति ज्यादा चिंताजनक है. यहां कुल आवंटन का 60 प्रतिशत से कम राशन वितरण किया गया है. नरसिंहगढ़ विकासखंड अंतर्गत दुकान क्रमांक 3206035 मनीष, 3206056 दिलीप गोस्वामी, 3206090 नीलम सिंह, 3206100 रीना बाई राजपूत एवं 3206101 जल्ला बाई का वितरण भी 60 प्रतिशत से कम पाया गया. इसी प्रकार खिलचीपुर विकासखंड में दुकान क्रमांक 3202015 संचालक देवीलाल चौहान, 3202053 लोकेन्द्र सिंह उमठ, 3202079 राजेन्द्र कुमार शर्मा, 3202109 पूजा दांगी एवं 3202121 ममता बाई का वितरण 60 प्रतिशत से कम पाया गया.

# भ्रष्टाचार पर स्थानीय जिम्मेदार मौन, पार्षद पहुंचे कमिश्नरी

## सुनवाई नहीं होने पर ईओडब्ल्यू के पास पहुंचे

### बीते दिनों कलेक्टर को शिकायत दर्ज कराई थी नगर में विभिन्न निर्माण कार्यों में अनियमितता और भ्रष्टाचार का मामला

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 27 मई, का. सत्ताधारी पार्टी के पार्षदों को भी अपनी सुनवाई के लिए कमिश्नर के पास जाना पड़ रहा है. बीते दिनों पार्षद ने कलेक्टर को अपनी समस्या और योजनाओं के तहत विकास कार्य में धांधली की शिकायत की थी. सुनवाई नहीं होने पर अब उन्होंने कमिश्नर और ईओडब्ल्यू को अपनी शिकायत दर्ज कराई है.**

जानकारी के अनुसार नगर में विभिन्न निर्माण कार्यों में अनियमितता और भ्रष्टाचार के विरोध में वार्ड क्रमांक 05 की पार्षद अंबे प्रवीण मिश्रा ने नगरीय प्रशासन विभाग के आयुक्त को मामले की शिकायत दर्ज कराई है. इसके पूर्व उन्होंने जिला कलेक्टर को भी शिकायत दर्ज कराई थी.

नगरीय प्रशासन आयुक्त को की गई शिकायत में कायाकल्प 2.0 योजना, मोहनपुरा पुनर्वास कॉलोनी में नाली निर्माण तथा कलेक्टर बंगले के सामने एसडीआरएफ कार्य में गड़बड़ी के आरोप लगाए गए थे. पार्षद का कहना है कि इन कार्यों से संबंधित टेंडर, स्टेटमेंट, वर्क ऑर्डर, डीपीआर, एग्रीमेंट, एफडीआर और माप पुस्तिका की जानकारी 6 अप्रैल से मांगी जा रही है. लेकिन 6 मई को भी कलेक्टर को मामले से अवगत कराने के बाद पूरा डेढ़ माह बीत गया है किसी प्रकार की सुनवाई और जानकारी मामले में नहीं दी जा रही है. इस अनियमितता से 45 लाख से ज्यादा का नुकसान हो रहा है. मामले में जांच और दोषियों पर कार्यवाही की मांग की गई है.

# पीएम श्री कन्या विद्यालय में 85 .22 लाख के कार्यों का भूमिपूजन

## छह नवीन हॉलों की रखी आधारशिला



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 27 मई, का.** क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने और शैक्षणिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में बुधवार को एक बड़ा कदम उठाया गया. शहर के प्रतिष्ठित पीएम श्री कन्या विद्यालय परिसर में मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा स्वीकृत 85.22 लाख रुपये की भारी-भरकम लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन क्षेत्रीय विधायक अमर सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ. इस गरिमामय समारोह के दौरान विद्यालय में बनने वाले छह नए भव्य हॉलों के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई.

**उड़ान** भूमिपूजन अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय और छात्राओं को संबोधित करते हुए राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव ने कहा कि शिक्षा का विकास ही समाज का वास्तविक विकास है. पीएम श्री कन्या विद्यालय में बनने वाले यह छह नए हॉल छात्राओं के लिए बेहद उपयोगी सिद्ध होंगे. इससे छात्राओं को सुचारू अध्ययन के साथ-साथ सांस्कृतिक, बौद्धिक और अन्य महत्वपूर्ण शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन के लिए बेहतर माहौल और सर्वसुविधायुक्त स्थान मिल सकेगा.

**बाईपास और स्वास्थ्य सेवाओं पर भी दी बड़ी खुशखबरी** समारोह के दौरान विधायक अमर सिंह यादव ने विधानसभा क्षेत्र के विकास का रोडमैप साझा किया.

**जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों की रही गरिमामयी उपस्थिति**

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू, पूर्व सीसीबी अध्यक्ष कैलाश नारायण मौर्य, पूर्व नपाध्यक्ष शैलेष गुप्ता, मंडल अध्यक्ष सचिन मौर्य, मनीष जोशी, अतीक खान, प्रांजल खुजनेरी, सुनील नागर, रघुराज भूषण, पंडित ओमप्रकाश शर्मा, दीपक नागर, टिल्लू डागा तथा बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष साकेत शर्मा सहित जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक मौजूद थे. संचालन चंदर सिंह सोंधिया व आभार पीएम श्री कन्या विद्यालय की प्राचार्य हाड़ा मैडम ने व्यक्त किया.

### पूर्व पीएम को दी श्रद्धांजलि

**छापीहेड़ा 27 मई, सं.** नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई गई. इस दौरान कांग्रेस कार्यालय में बुधवार सुबह पंडित नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई. पंडित नेहरू देश के आधुनिकरण के मार्ग पर बढ़ने का श्रेय पंडित नेहरू जी को जाता है. इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस एवं नगर कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

# उपार्जन केंद्रों की अव्यवस्थाओं और बिजली कटौती को लेकर प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**बोड़ा 27 मई, सं.** जिले के उपार्जन केंद्रों पर व्याप्त अव्यवस्थाओं एवं लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती को लेकर सोमवार को राजगढ़ किसान कांग्रेस ने जिला मुख्यालय पहुंचकर विरोध दर्ज कराया. किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष भगवान सिंह बागड़ी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए किसानों और आमजन की समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की.

ज्ञापन में बताया गया कि जिले के विभिन्न उपार्जन केंद्रों पर भारी अनियमितताएं व्याप्त हैं. किसानों से रुपए लेकर फसलों की तुलाई कराई जा रही है, जिससे उनका आर्थिक शोषण हो रहा है. साथ ही निर्धारित मात्रा से अधिक 5 से 7 किलो तक सैंपल लिया जा रहा है. किसान कांग्रेस ने आरोप लगाया कि अपात्र संस्थाओं एवं स्व-सहायता समूहों को भी उपार्जन कार्य सौंप दिया गया है, जिससे व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं. किसानों ने बताया कि उन्हें अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर 5 से 7 दिनों तक तुलाई के इंतजार में उपार्जन केंद्रों पर रुकना पड़ रहा है, इसके अलावा ज्ञापन में जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती का मुद्दा भी उठाया गया. इस दौरान किसान कांग्रेस से होकम सिंह गुजर, बद्री यादव वकील, जसवंत सिंह गुजर, प्रेम सिंह राजपूत, केशर सिंह तवर, मनमोहन सिंह परमार, छगन सिंह गुजर, बाबूलाल गुजर, कालूराम सोलंकी, द्वारका चंद्रवंशी, आजाद मालवीय, कुशल दांगी, बंशी लाल तवर, देवनारायण रुहेला, रशीद जमील खान, शिवपाल टीकरिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे.





# कांग्रेस ने पेट्रोल पंपों पर बांटी विरोध की मेलोडी

नवभारत न्यूज

**छापीहेड़ा 27 मई, सं.** बुधवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस एवं नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई और पेट्रोल-डीजल की कीमतों के विरोध में प्रदर्शन किया.

कांग्रेस कार्यकर्ता शहर के जीरापुर रोड स्थित पेट्रोल पंप पर पहुंचे और वाहन चालकों को मेलोडी चॉकलेट बांटकर केंद्र सरकार पर तंज कसा. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने लोगों से कहा मेलोडी खाओ, रेट बढ़ाओ और महंगाई भूल जाओ. नेताओं का कहना था कि सरकार मीठी बातों और प्रचार में लोगों को उलझाकर महंगाई जैसे असली मुद्दों से ध्यान भटका रही है, जबकि आम जनता पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों से परेशान है.

### पेट्रोल लेने वाले आम लोगों को मेलोड़ी पकड़ाई

**सारंगपुर 27 मई, सं.** प्रदेश कांग्रेस के आदेश अनुसार देश में बढ़ रहे पेट्रोल डीजल की कीमतों के विरोध मे युवक कांग्रेस द्वारा बुधवार को न्यू बस स्टेण्ड के पास अनिल पेट्रोल पंप पर आम जनता को मेलोडी चॉकलेट दी और कहा कि देश में महंगाई लगातार बढ़ रही है. इससे आम जनता परेशान है. विरोध प्रदर्शन के द्वारा पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मो. अली, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप सादानी,पूर्व पार्षद सुनील पाल, फरमान मंसूरी,भुरू मेवाती, शहर युवक कांग्रेस अध्यक्ष लखन राजपूत,कैलाश ठाकुर, लखन धनगर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे.

### मेलोडी बांटकर किया विरोध

**नरसिंहगढ़ 27 मई, सं.** पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों और महंगाई के विरोध में युवा कांग्रेस द्वारा बुधवार को नगर में प्रदर्शन किया गया. कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल पंप से छतरी चौराहे तक विरोध मार्च निकाला और आमजन को मेलोडी वितरित कर केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई. विरोध स्वरूप कार्यकर्ताओं ने राजगढ़ सांसद को साइकिल भेंट करने के लिए सांकेतिक चंदा भी एकत्रित किया. कार्यक्रम में किसान कांग्रेस प्रदेश महासचिव लखन सिंह बना, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पर्वत यादव, ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र बना, अभिनव पंचोली, तेजश गुप्ते, देवेन्द्र गुर्जर, गिरिराज रूहेला, पूर्व नपाअध्यक्ष मंजूलता शिवहरे, नपाअध्यक्ष प्रतिनिधि लोकेन्द्र वर्मा, मनोज महावर, अरुण सिंह बना, जसवंत गुर्जर, पार्षद दीपक शर्मा, सद्दाम हुसैन, सोनू बना, त्रिलोक महावर, रघुवीर सिंह बना, एडवोकेट जे. पी. अग्रवाल, नरेन्द्र रूहेला, सैयद अली सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे.


### विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल गौरक्षा विभाग ने ज्ञापन सौंपा

**ब्यावरा 27 मई, का.** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल गौरक्षा विभाग ने गाय को सनातनी धर्म द्वारा मां का दर्जा दिया गया है परंतु कुछ विधर्मी लोग इसको काट कर खाने की बात करते हैं. ऐसा ही आने वाली बकरीद पर संभावित हो सकता है अत: शासन प्रशासन इस ओर ध्यान दें एवं कठोर शक्ति के साथ ऐसी घटनाओं को रोका जाए एवं इसकी पुर्नवृत्ति ना हो इसके लिए कठोर कदम उठाए जाएं. यदि ऐसी घटनाएं हिंदू समाज के समक्ष आती है तो बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद को मैदान में आकर गौ रक्षा का काम करना पड़ेगा. राजगढ़ जिले की कई गौशाला में ना तो लाइट की व्यवस्था न पानी पाने की व्यवस्था है और पॉलीथिन और प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने हेतु मांग की गई. जिससे पॉलीथिन प्लास्टिक खाने से गाय की मृत्यु ना हो. इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री भानु सिंह राजपूत,जिला अध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय , मोहन सोलंकी ,जिला मंत्री मयंक जायसवाल बजरंग दल गौ रक्षा प्रमुख लक्ष्मी नारायण तंवर संतोष राणा प्रखंड संयोजक प्रकाश तंवर हेमराज ,लखन तंवर दिव्यांशु सोनी रामदयाल तंवर पवन मनोज पुष्पद मोहित गौड़ तंवर ,गजरात दुर्गेश ,सुरेश हिन्दू , हेमराज, मुकेश ,राकेश सुनीत , मेहरवान ,आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

**आस्था**

## पद्मिनी एकादशी पर खाटू दर्शन को उमड़े श्रद्धालु, बाबा श्याम का आकर्षक और भव्य श्रृंगार किया

# भीषण गर्मी में कृष्णभक्ति : मंदिरों और कथा पाण्डालों में हजारों श्रद्धालु पहुंचे





नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 27 मई, का. पद्मिनी एकादशी के पावन अवसर पर बुधवार को ब्यावरा का श्री खाटू श्याम मंदिर आस्था, श्रद्धा और भक्ति का विशाल केंद्र बन गया. सुबह मंगला आरती से शुरू हुआ धार्मिक उत्सव देर रात तक जारी रहा.**

दिनभर मंदिर परिसर जय श्री श्याम के जयघोष से गूंजता रहा. अनुमानित एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया.

पर्व को लेकर मंदिर प्रबंधन समिति ने विशेष तैयारियां की थीं. बाबा श्याम का आकर्षक और भव्य श्रृंगार उज्जैन से मंगवाए गए 51 किलो ताजे फूलों से किया गया. मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी, फूलों की सजावट और विद्युत झालरों से सजाया गया था. शाम ढलते ही मंदिर की छटा देखते ही बन रही थी. दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालु सजावट और दर्शन व्यवस्था की सराहना करते नजर आए.

दिनभर पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और विशेष आरतियों का क्रम चलता रहा. दोपहर और संध्या आरती के दौरान मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से पूरी तरह भर गया. ब्यावरा शहर के साथ आसपास के गांवों और दूरस्थ क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा के दरबार पहुंचे.

पद्मिनी एकादशी का सबसे आकर्षक दृश्य विभिन्न मोहल्लों और गांवों से निकली भव्य निशान यात्राएं रहीं. ढोल-नगाड़ों, भक्ति गीतों और जयकारों के बीच श्रद्धालु नाचते-गाते मंदिर पहुंचे और बाबा को निशान अर्पित किए. पिंजारा गली स्थित काली माता मंदिर से निकली निशान यात्रा विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया.

मंदिर परिसर सहित आसपास के क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा. यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए कई स्थानों पर डायवर्जन किया गया. नगर सुरक्षा समिति और स्वयंसेवकों ने दर्शन व्यवस्था संभालने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया.

### श्रीमद भागवत कथा में श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह करवाया

**नरसिंहगढ़ 27 मई, सं.** शहर के होटल भंडारी पैलेस में आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठवें दिन कथा पंडाल भक्तिमय माहौल से गूंज उठा. कथा व्यास श्री आदित्य गोस्वामी जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण एवं रुक्मिणी विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति और धर्म का संदेश दिया। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भजनों पर भक्तिरस में सराबोर नजर आए. कथावाचक ने कहा कि भगवान के प्रति सच्ची श्रद्धा और समर्पण ही जीवन को सफल बनाता है. भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं मानव जीवन को प्रेम, करुणा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं. कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया. आयोजन समिति ने बताया कि कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक जारी है. कथा के समापन अवसर पर 29 मई को पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा. आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, बैठने एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं.



क्राईस्ट कॉलेज, ब्यावरा जिला राजगढ़
B.Ed. आवेदन प्रक्रिया 2026-27
प्रथम चरण (कॉलेज कोड - 384)
ऑनलाईन आवेदन एवं च्वाईस फिलिंग दिनांक 02/05/26 से 14/05/26 तक
दस्तावेजों का सत्यापन 04/05/26 से 15/05/26
सीट आवंटन 20/05/26
निर्धारित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेज, टी.सी. माईग्रेशन क साथ भौतिक सत्यापन लिंक इनिशिएट कराना अनिवार्य 20/05/26 से 26/05/26 तक
महाविद्यालय के निर्धारित शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करना 20/05/26 से 26/05/26
नोट- यदि किसी आवेदक को ऑनलाईन दस्तावेज सत्यापन का SMS दिनांक 14/05/2026 तक प्राप्त नहीं होता है तो ऑनलाईन आवेदन के साथ अपने सभी मूल दस्तावेज लेकर निर्धारित हेल्प सेंटर पर दिनांक 15/05/2026 के पूर्व स्वयं उपस्थित होकर सत्यापन करावे.
विशेष जो विद्यार्थी दिनांक 25/05/2026 तक शासकीय महाविद्यालय में जाकर लिंक इनिशिएट करायेंगे सिर्फ वे ही दिनांक 26/05/2026 तक फीस जमा कर प्रवेश ले सकेंगे.
योग्यता - OBC एवं Gen-50% से एवं SC, ST-45%
आवश्यक दस्तावेज-
10वीं, 12वीं, स्नातक/स्नातकोत्तर की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, ऑरिजनल टीसी, माईग्रेसन, आधारकार्ड, समग्र आइडी.
नोट- प्रथम स्थान पर क्राईस्ट महाविद्यालय कॉलेज कोड 384 का चयन करें
संपर्क - 9826197054, 9340135607, 9425021625, 7803874337
04 मई से -04 जून 2026